भारत सरकार
रक्षा मंत्रालय
रक्षा विभाग
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 3428
07 अगस्त, 2026 को उत्तर के लिए

सैनिक स्कूल, पुरुलिया में छात्रों का नामांकन

3428. श्री ज्योतिर्मय सिंह महतो :

क्या **रक्षा** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) सैनिक स्कूल, पुरुलिया में स्वीकृत क्षमता के अनुपात में नामांकित छात्रों की वर्तमान संख्या कितनी है;

(ख) क्या सरकार ने सैनिक स्कूल, पुरुलिया में प्रवेश क्षमता में वृद्धि करने अथवा शैक्षणिक और आवासीय सुविधाओं का विस्तार करने के लिए कोई पहल की है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इसके कार्यान्वयन की समय-सीमा क्या है; और

(ग) विगत पांच वर्षों के दौरान सैनिक स्कूल, पुरुलिया के छात्रों का उत्तीर्ण प्रतिशत क्या है और राष्ट्रीय रक्षा अकादमी (एनडीए) और अन्य सैन्य प्रशिक्षण संस्थानों में प्रवेश लेने वाले छात्रों की वर्ष-वार संख्या कितनी है?

उत्तर
रक्षा मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री संजय सेठ)

(क) से (ग): सैनिक स्कूल, पुरुलिया में शैक्षणिक वर्ष (एवाई) 2026-27 में स्वीकृत कैडेट क्षमता 550 है, जिसके विरुद्ध 530 कैडेट नामांकित किए गए हैं। सैनिक स्कूल ऐसी वृद्धि के लिए उपलब्ध क्षमता को ध्यान में रखते हुए, 525 की इष्टतम क्षमता से अधिक छात्रों का नामांकन करने के लिए अनुमत है। तदनुसार, शैक्षणिक वर्ष 2027-28 के लिए सैनिक स्कूल, पुरुलिया की स्वीकृत क्षमता बढ़ाकर 610 कर दी गई है।

सैनिक स्कूल सोसाइटी, जो सैनिक स्कूलों का प्रबंधन करती है सैनिक स्कूल, पुरुलिया सहित सभी सैनिक स्कूलों में शैक्षणिक और आवासीय सुविधाओं जैसे खेल एवं प्रशिक्षण अवसंरचना/सुविधाएं इत्यादि में अवसंरचनात्मक कमियों का समय-समय पर मूल्यांकन करती है ताकि आवश्यकता के अनुसार, उनका उन्नयन, नवीनीकरण, रखरखाव और संवर्धन सुनिश्चित किया जा सके।

राष्ट्रीय रक्षा अकादमी तथा अन्य सैन्य संस्थाओं में प्रवेश हेतु आयोजित लिखित परीक्षा एवं एसएसबी परीक्षा में सैनिक स्कूल, पुरुलिया के कैडेटों की सफलता प्रतिशत में उल्लेखनीय वृद्धि देखी गयी है। लिखित परीक्षा में सफलता प्रतिशत वर्ष 2021-22 के 8.14% से बढ़कर वर्ष 2025-26 में 39.53% हो गया है, जबकि एसएसबी में सफलता प्रतिशत वर्ष 2021-22 में शून्य से बढ़कर वर्ष 2025-26 में 6.97% हो गया है।

***